आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–13 दिसम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- वर्ष दो हजार सत्ताइस में देश में पहली बार करायी जायेगी डिजिटल जनगणना। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– दो चरणों में पूरी कराई जाएगी प्रक्रिया, दूसरे चरण में होगी जातिगत गणना।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाराबंकी में रबी सत्र की किसान पाठशाला का किया शुभारंभ। उन्तीस दिसम्बर तक सभी जनपदों में किसान पाठशाला का होगा आयोजन।
- एसआईआर अभियान की निगरानी के लिये चुनाव आयोग ने यूपी समेत आठ प्रदेशों में तैनात किये विशेष मतदाता सूची पर्यवेक्षक।
- काशी तमिल संगमम के तहत तमिलनाडु से छठां प्रतिभागी दल पहुंचा काशी। पांचवें दल के सदस्यों ने प्रयागराज पहुंच कर संगम में लगायी डुबकी।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कल हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में जनगणना दो हजार सत्ताइस के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। प्रस्ताव के अनुसार ग्यारह हजार सात सौ अट्ठारह करोड़ रुपये की लागत से देश में पहली बार डिजिटल जनगणना करायी जाएगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि जनगणना की सम्पूर्ण प्रक्रिया दो चरणों में पूरी होगी। उन्होंने बताया कि पहला चरण अप्रैल से सितंबर दो हजार छब्बीस तक जबकी दूसरा चरण फरवरी दौ हजार सत्ताइस में होगा। इसी चरण में जातियों का इलेक्ट्रॉनिक डाटा भी शामिल किया जाएगा।

***सेंसर्स दो फेजेस में होगा। फेस वन में फोकस रहेगा हाउस होल्ड्स के अंदर क्या एमिनिटीज है, हाउसिंग कंडीशन कैसी है, कच्चा घर है, पक्का घर है, घर में कितने रूम्स है, किस तरह से घर में कोई व्हीकल है, घर में इलेक्ट्रिसिटी कनेक्शन कैसा है? दैट विल बी दी बेस फॉर फेस टू जिसमें बहुत इंपॉर्टेंट है डेमोग्राफिक, सोशल कल्चरल एंड इकोनॉमिक पैरामीटर्स का इन्यूमरेशन किया जाएगा पूरी जनसंख्या का। यह फरवरी 2027 के हिसाब से किया जाएगा भारत के कानूनों के हिसाब से।***

उन्होंने बताया कि केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख एवं जम्मू कश्मीर के बर्फ से प्रभावित क्षेत्रों सहित हिमाचल प्रदेश और उत्तराखण्ड में दूसरे चरण में जनगणना सितंबर दो हजार छब्बीस में होगी। श्री वैष्णव ने बताया कि जनगणना में लगभग तीस लाख क्षेत्रीय कर्मचारी लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल की आर्थिक समिति ने कोयला लिंकेज नीति –कोल सेतु में सुधारों को भी मंजूरी दे दी है।

**********

प्रदेश सरकार उनतीस दिसंबर तक सभी जनपदों में किसान पाठशाला का आयोजन कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाराबंकी के दौलतपुर गांव में रबी सत्र की किसान पाठशाला का कल शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश की कृषि प्रगति, बहु फसली खेती, तकनीकी नवाचार, एमएसपी व्यवस्था की पारदर्शिता और किसानों की आय वृद्धि के लिए किए जा रहे प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई भौगोलिक जलवायु क्षेत्र हैं जिनके अनुरूप उन्नत बीज और तकनीक उपलब्ध कराने पर सरकार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2017 से पहले की तुलना में आज रिकॉर्ड उत्पादन और पारदर्शी व्यवस्था ने प्रदेश की प्रगति को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कृषि विकास दर 8 दशमलव 6 प्रतिशत से बढ़कर 17 दशमलव 7 प्रतिशत तक पहुंच गयी है।

***पिछले 8 वर्ष में कृषि विकास की दर को 8.6 प्रतिशत से बढ़ा करके 17.7 प्रतिशत उत्तर प्रदेश ने पहुंचाया है। गेहूं उत्पादन में 35 प्रतिशत योगदान उत्तर प्रदेश देश के अंदर दे रहा है जो देश में प्रथम है। कुल राष्ट्रीय खाद्यान्न उत्पादन में उत्तर प्रदेश का योगदान 21 फीसदी है। देश के कुल गन्ना उत्पादन का 55: अकेले उत्तर प्रदेश कर रहा है यानी उत्तर प्रदेश इसमें भी देश में नंबर 1 पर है।***

**********

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कल लखनऊ में आयोजित विकसित उत्तर प्रदेश–2047 विजन डॉक्यूमेंट पर राज्य स्तरीय विचार मंथन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश को विकसित बनाने के लिए युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर, रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीनहाइड्रोजन और ड्रोन जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित करने के लिए सरकार प्रभावी कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से उत्तर प्रदेश विकसित भारत के सपने को पूरा करने में महत्वपूर्ण स्तम्भ बनेगा।

***प्रधानमंत्री जी ने जब 2020 या 2020 के लिए एनईपीआई राष्ट्रीय शिक्षा नीति आई उसमें स्किल को एक बड़ी मान्यता बड़े स्वीकार्यता और बड़ा आशीर्वाद उन्होंने दे दिया। उसको आगे बढ़ाने के लिए हमारे युवाओं की क्या परेशानियां हैं, इंटरमीडिएट कॉलेज में क्या–क्या दिक्कतें होती हैं, इंजीनियरिंग कॉलेज में क्या दिक्कतें होती हैं, जो बच्चे एमबीए कर रहे हैं क्या प्रॉब्लम्स हैं और वो पढ़ाई के साथ–साथ कैसे स्किल्ड हो ? उसके लिए एक योजना यहां पर तैयार हो रही है। सब लोग का अपना विज़न, अपनी तैयारी, विचार ऐसा करके एक डॉक्यूमेंट उसका तैयार होगा।***

**********

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर अभियान की संवेदनशीलता को देखते हुए चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश, बंगाल, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ सहित आठ प्रमुख राज्यों में विशेष मतदाता सूची पर्यवेक्षक की तैनाती की है। ये पर्यवेक्षक एसआईआर का काम खत्म होने तक इन सभी राज्यों में सप्ताह में कम से कम दो दिन रहेंगे। इस दौरान पर्यवेक्षक गलती से छूठे हुए मतदाताओं का नाम मसौदा सूची में जुड़वाने और अयोग्य का नाम सूची में जुड़ने न पाए, इस पर विशेष नजर रखेंगे।

**********

वाराणसी में चल रहे काशी तमिल संगमम में शामिल होने के लिए तमिलनाडु से छठा प्रतिभागी दल कल काशी पहुंचा। इस दल में प्रमुख रूप से महिलाएं शामिल हैं। तमिलनाडु से आये इस दल ने श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन–पूजन किया। समूह के सदस्यों को काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर का विस्तृत भ्रमण कराया गया जिसमें उन्हें धाम के ऐतिहासिक स्वरूप, स्थापत्य कला, नवनिर्मित सुविधाओं की जानकारी दी गई। अपने काशी प्रवास के दौरान तमिलनाडु से आए ये अतिथि शहर के प्रमुख सांस्कृतिक और शैक्षिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। काशी तमिल संगमम के तहत वाराणसी आने वाले अतिथियों को अयोध्या और प्रयागराज की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत से भी परिचित कराया जा रहा है। इसी क्रम में पर्यटक दल का पांचवां जत्था कल प्रयागराज पहुंचा। एक रिपोर्ट–

***काशी तमिल संगमम के तहत तमिलनाडु से आए पांचवें दल में लगभग 210 लोक कलाकार और व्यवसायी शामिल हैं। प्रतिभागियों का यह दल प्रयागराज में संगम की आभा देखकर प्रफुल्लित नज़र आया। त्रिवेणी संगम के वीआईपी घाट पर महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने पर्यटक दल पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। महापौर ने इसे 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को साकार करने वाला आयोजन बताया। इस मौके पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। दल के सदस्यों ने कहा कि इस आयोजन ने उन्हें प्रदेश के प्रमुख मंदिरों के दर्शन करने और यहां कि संस्कृति को समझने का मौका दिया है जो उनके लिए अविस्मरणीय अनुभव है। प्रवीण मिश्र आकाशवाणीसमाचार प्रयागराज।***

**********

वाराणसी में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के अटल इन्क्यूबेशन केंद्र में चल रहे स्मार्ट इंडिया हैकथॉन–2025 हार्डवेयर संस्करण का कल समापन हो गया। हैकथॉन के अन्तिम दिन सभी टीमों ने अपने नवीन हार्डवेयर प्रोटोटाइप पर सक्रिय रूप से काम किया और क्षेत्र विशेषज्ञों से प्राप्त महत्वपूर्ण सुझावों को अपनाया। इस प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों ने बताया कि वे अपने नवाचार के माध्यम से जीवन के विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान निकालने का प्रयास कर रहे हैं। बरेली से आई तृषा ने अपनी टीम द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी साझा की।

***यह एक रोबोटिक क्लोटिंग प्लेटफार्म है, जिसमें हम क्लोरोफिल और एक्वेटिक एनवायरमेंट में जो भी प्लास्टिक है, वह सब हम डेमोंस्ट्रेट करेंगे और यह क्लोट करके वहां डिटेक्ट करेगा कि उसमें कितना कंसंट्रेशन है क्लोरोफिल का और माइक्रो और मैक्रो प्लास्टिक का। यह सारे मेरे टीममेट्स है और हम सबने बहुत हार्ड वर्क किया है यहां तक आने के लिए।***

**********

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया आज और कल, दो दिनों में पूरी होगी। इसी क्रम में कल मतदाता सूची जारी कर दी गयी, जिसमें चार सौ चौंसठ मतदाता हैं, इनमें पांच सांसद, छब्बीस एमएलए, आठ एमएलसी और चार सौ पचीस प्रांतीय परिषद के सदस्य तथा जिलाध्यक्ष शामिल हैं। पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं केन्द्रीय चुनाव पर्यवेक्षक विनोद तावड़े की देखरेख में आज नामांकन पत्र दोपहर दो बजे से तीन बजे तक दाखिल किये जायेंगे। इसके बाद दोपहर तीन से शाम चार बजे तक नामांकन पत्रों की जांच होगी, अगले एक घंटे में नाम वापस लिये जा सकेंगे। पार्टी के सत्रहवें प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा कल होगी। इस बीच भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बी.एल. संतोष ने कल संगठन के शीर्ष नेताओं के साथ बैठक की और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की।

**********